पड़ता है। अच्छा समाज बनाने के लिए अच्छा नागरिक बनाना जरूरी है। पहले समाज में लोगों में एकता थी। उसी एकता में शामिल लोगों से हर अच्छे अनुभव मिल जाएं तो उन्हें ग्रहण करने में जरा भी संकोच नहीं करना चाहिए। जीवन की गाड़ी जब चलती है तो बड़े उतार-चढ़ाव भी आते हैं। उन्हीं उतार-चढ़ाव के समय पर वो, अनुभव काम आते हैं। जो, कर लेनी चाहिए। वो ही बात आपको संस्कारवान भी बनाती हैं। बहुत बार देखने को मिलता है कि बहुत काम ऐसे होते हैं। जो, तकनीक से नहीं बल्कि अनुभव के आधार पर सफल हो जाते हैं। इसलिए तर्कसंगत अनुभव हमेशा काम ही आते हैं।

प्रज्ञा शर्मा, प्रधानाचार्य, ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल, गजरौला।

जो, अनुभव आप दूसरे के व्यक्तिगत प्राप्त करते हैं। वह तर्कसंगत होने बहुत जरूरी हैं। बेहतर अनुभवों के आधार पर ही जीवन सफलता की ओर बढ़ता है और उसी के जरिए संस्कारवान भी बनते हैं। संस्कारवान बनकर आप अपने अनुभव भी दूसरे लोगों से साझा कर सकते हैं। उदाहरण दे सकते हैं और उन्हें भी सफलता कर राह दिखा होंगे। सभी को अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा। दूसरा व्यक्ति जिस भी स्थिति या परिस्थिति में क्यों न हों, सकारात्मक सोच के साथ अपना योगदान दें। पुराने लोगों के अनुभव नई पीढ़ी के लिए बेहतर साबित होते हैं।

सुधांशु शर्मा, प्रधानाचार्य, कारमेल पब्लिक स्कूल, गजरौला



एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय टाप करने वाली छात्रा मोनिका सिंह को सम्मानित करते जेएस हिंदू डिग्री कालेज के प्राचार्य वीर वीरेंद्र सिंह • जागरण

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय की टापर मोनिका का जेएस हिंदू कालेज में हुआ स्वागत

जासं, अमरोहा: जेएस हिंदू पीजी कालेज की होनहार छात्रा मोनिका सिंह ने परास्नातक भूगोल विषय की वार्षिक परीक्षा में एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली टाप किया है।

उनको विवि में आयोजित कार्यक्रम में गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। कालेज पहुंचने पर मंगलवार को प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में मोनिका को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। भूगोल विभागाध्यक्ष डा.संगीता धामा, मुख्य अनुशासक डाक्टर नवनीत विश्नोई, डा.प्रदीप कुमार, डा. आभा सिंह, डा. राज किशोर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश स्तरीय वालीबाल टीम का चयन किया, देवरिया में होगी प्रतियोगिता

जासं, अमरोहा: प्रदेश स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए टीम का चयन किया गया। अब यह टीम देवरिया में होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।



सीनियर स्टेट प्रतियोगिता जो कि 22 अक्टूबर से जनपद देवरिया में प्रतिभाग करेगी। टीम में उदित भटनागर, आयुष, सिद्धार्थ, मुदित, लव यादव, हर्ष, विशाल, विकास

## पशुओं के अवशेष डालने वाले आरोपित मुठभेड़ में घायल

संस जागरण • स्वार (रामपुर) : तहसील क्षेत्र के धनौरी गांव के जंगल में गोवंशीय पशुओं के अवशेष के पास धार्मिक फोटो फाड़कर फेंकने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। चारों गोकुशी की घटनाएं करते हैं। गिरफ्तारी से पहले पुलिस की इनके साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें दो. बदमाशों के पैर में गोली लगी और वे घायल हो गए। दो साथियों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उन्हें भी पकड़ लिया।

सोमवार की रात स्वार पुलिस को सूचना मिली थी कि कोतवाली से मात्र दो किलोमीटर दूर के गांव जालफनगला में कोसी नदी के जंगल में कुछ लोग गोवंशीय पशुओं को काटने की तैयारी कर रहे हैं। कोतवाली पुलिस की दो टीमें वहां पहुंच गई और घेराबंदी कर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया। बदमाशों ने पुलिस को देख गोली चला दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी गोली चलाई। दो बदमाशों के पैर में गोली लगी और दोनों जमीन पर गिर गए। पुलिस ने दोनों को दबोच लिया।

## बाढ़

### हरिद्वार

जासं, मुराद... अगवानपुर ... पास दो ब... की भिड़ंत ... सवार दो ... गए। इस ... आ रहे ... रौंद दिया। ... गई। जबकि ... युवक भी ...

सिविल ... के अंकित ... हड्डी मिल... दोस्त हैं। ... लदावली ... करते थे ... करके ... आ रहे ... जब वह ... पहुंचे तो ... से उनकी ... टक्कर ... गिर गए ... एकदम ... वाहन



मेधावियों को सम्मानित करते प्राचार्य। • हिन्दुस्तान

## यूनिवर्सिटी टॉप करने वाली छात्रा सम्मानित

अमरोहा। शहर के जेएस हिन्दू पीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी टॉप कर जिले का नाम रोशन करने वाली होनहार छात्रा मोनिका सिंह को मंगलवार को सम्मानति किया गया। गजरौला की टीचर्स कालोनी निवासी कालेज में परास्नातक भूगोल की छात्रा को गोल्ड मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि होनहार छात्र-छात्रा उच्च प्रतिमान और आदर्शों को स्थापित करते हैं। इस दौरान असिस्टेंट प्रोफेसर डा.उमेश कुमार, डा.नवनीत विश्नोई, डा.प्रदीप कुमार, डा.आभा सिंह आदि रहे।

## वालीबॉल प्रतियोगिता के ट्रायल का शुभारंभ किया



# जेएस की मोनिका ने विश्वविद्यालय टॉप किया

## कालेज पहुंचने पर हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जेएस हिन्दू पीजी कालेज की होनहार छात्रा मोनिका सिंह ने एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली टॉप किया है। कालेज आने पर उसे सम्मानित किया गया।

बताते चलें कि गजरौला के मोहल्ला टीचर्स कालोनी निवासी छात्रा मोनिका सिंह पुत्री तेजपाल सिंह ने भूगोल विषय में 1000 में 708 अंक लाकर विश्वविद्यालय टॉप किया हैं उन्हें बीते दिन विश्वविद्यालय में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। जबकि आज कालेज पहुंचने पर प्राचार्य प्रोफेसर वीर विरेन्द्र सिंह ने छात्रा को डेढ सारी बधाईयां देते उसे शुभकामनाएं देते उज्जवल भविष्य की कामना की। जिस पर नेहा शिक्षकों द्वारा सम्मान पाकर भाव विभोर हो गयी। इस दौरान प्राचार्य ने कहा कि होनहार छात्र किसी भी कालेज में उच्च प्रतिमान व आदर्शों को स्थापित करते हैं तथा उन्हीं से प्रेरणा



पाकर उनके साथी भी प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हैं। इस अवसर पर डा. संगीमा धामा, चीफ प्राक्टर नवनीत विश्नोई, डा. आभा सिंह, डा. राजकिशोर शुक्ला उपस्थित रहे।

# यूनिवर्सिटी टॉपर को कालेज में किया सम्मानित



**अमरोहा (विधान केसरी)।** जेएस हिंदू पीजी कॉलेज की छात्रा मोनिका सिंह ने अपने माता-पिता व कॉलेज का नाम रोशन किया है। उन्होने एमजेपी रूहेलखंड यूनिवर्सिटी बरेली में जेएस हिंदू कॉलेज परास्नातक भूगोल की छात्रा मोनिका सिंह पुत्री तेजपाल सिंह निवासी टीचर्स कॉलोनी, गजरौला को यूनिवर्सिटी टॉप करने के लिए गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होने परास्नातक वार्षिक की परीक्षा में एक हजार में 708 अंक प्राप्त किये। मोनिका सिंह के कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह व शिक्षकों ने बधाई दी। इस दौरान प्राचार्य प्रोफेसर वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि होनहार छात्र किसी भी कॉलेज में उच्च प्रतिमान और आदर्शों को स्थापित करते हैं और उन्हीं से प्रेरणा पाकर उनके साथी भी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हैं। हमें मोनिका की उपलब्धि पर गर्व है। भूगोल विभाग की अध्यक्ष डॉ. संगीता धामा ने कहा कि मोनिका की उपलब्धि भूगोल विषय के छात्रों के लिए एक प्रेरणा का काम करेगी। भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ उमेश कुमार ने कहा कि सफलता हमारे व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।इस दौरान डॉ. नवनीत बिश्नोई, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. आभा सिंह, डॉ. राज किशोर शुक्ला आदि मौजूद रहे।